**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding conversion of tribal people to Christianity in the country- laid.

**श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा)**: मैं सरकार का ध्यान आदिवासी- जनजाति क्षेत्र की ओर आकृष्ट करना चाहता हूॅ, धर्मांतरण एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, आदिवासी-जनजातियों के प्राचीन गौरव, एकता और परम्परा को गिने चुने लोगों के द्वारा खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है । मेरा क्षेत्र बॉसवाड़ा-डूॅगरपुर, राजस्थान सहित मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, झारखण्ड आदि में आदिवासी लोगों की बड़ी आबादी को ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने हेतु एक विशेष टीम सक्रिय है, इसे रोकना अनिर्वाय है । नही तो जो लोग धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाते है तो उन्हे आरक्षण आदि की सुविधाएं समाप्त कर देनी चाहिए और अल्पसंख्यक के नाम पर जो दोहरा लाभ ले रहे है उसे भी तत्काल समाप्त करने की आवश्यकता है । जो लोग आदिवासी-जनजाति को धर्म परिर्वतन में लगे है उस पर तत्काल अंकुश लगाने हेतु मा0 गृह मंत्री जी से मॉग करता हूँ ।